nt>

Title: Need to provide mobile telephone facility of B.S.N.L. in all tehsils of Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra. - Laid.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जलगांव, महाराट्र का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। केला यहां का प्रमुख कृा उपज है। यहां से केला समस्त भारत में भेजा जाता है। केले के व्यापारी यहां पर बड़ी संख्या में आते हैं। लेकिन अभी भी भारत संचार निगम की मोबाईल सेवा यहां की सभी तहसीलों में नहीं है। रावेर, यावल, जामनेर तथा मुस्ताईनगर तहसील क्षेत्र मोबाईल सुविधा से वंचित है। जलगांव व भुसावल तहसीलों के सभी गांवों में भारत संचार निगम लि0 की मोबाईल सेवा पर्याप्त नहीं है।

अतः मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि जलगांव, महाराट्र संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त सभी तहसीलों में भारत संचार निगम लि0 की मोबाईल सेवा अविलम्ब शुरू किये जाने हेतु आवश्यक आदेश पारित करने का कट करें।